BHDLA-138

स्नातक उपाधि कार्यक्रम – BAG (CBCS)
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2022

बी.एच.डी.एल.ए.-138 : हिन्दी साहित्य : विविध विधाएँ

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *निर्देशानुसार उत्तर दीजिए । प्रत्येक खण्ड से उत्तर देना अनिवार्य है ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** *के उत्तर दीजिए :* *2×20=40*

1. ‘बहुत बड़ा सवाल’ एकांकी के परिवेश और चरित्र-विधान को स्पष्ट करते हुए इसका प्रतिपाद्य भी बताइए ।

2. मुक्तिबोध के पत्रों का विश्लेषण करते हुए उनका महत्त्व निर्धारित कीजिए ।

3. ‘एकलव्य के नोट्स’ का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

4. ‘तिब्बत : ल्हासा से उत्तर की ओर’ की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** *के उत्तर दीजिए :* *4×10=40*

5. 'पूस की रात' कहानी का आशय स्पष्ट कीजिए ।

6. 'वैष्णव की फिसलन' व्यंग्य निबंध के कथ्य और चरित्र-विधान पर प्रकाश डालिए ।

7. 'जीने की कला' निबन्ध का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

8. मैथिलीशरण गुप्त की पठित कविताओं का आशय स्पष्ट कीजिए ।

9. डायरी विधा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

10. एक आत्मकथा के रूप में 'जूठन' का महत्त्व रेखांकित कीजिए ।

खण्ड ग

11. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) हरिशंकर परसाई

(ख) गोस्वामी तुलसीदास

(ग) महादेवी वर्मा

(घ) एक विधा के रूप में जीवनी

(ङ) 'पथ के साथी' की अन्तर्वस्तु

(च) मोहन राकेश